संसद सदस्यों ने मौलाना अबुल कलाम आजाद को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली; 11 नवंबर, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; राज्य सभा में विपक्ष के नेता और अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस श्री मल्लिकार्जुन खड़गे; केन्द्रीय मंत्री; संसद सदस्यों और पूर्व सांसदों ने आज संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव श्री पी.सी. मोदी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित मौलाना अबुल कलाम आजाद की जीवन वृत्त वाली पुस्तिका, समारोह में उपस्थित गण्यमान्य व्यक्तियों को भी भेंट की गई।

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने 16 दिसंबर 1959 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में किया था।